# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के एनसीसी कैडेट्स वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में लेंगे भाग

पृथ्वी लोक ब्यूरो

**सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय,, सुजानपुर टीहरा के राष्ट्रीय कैडेट कोर नेवल विंग के कैडेट्स 15 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए डीएवी बिलासपुर के लिए उत्साहपूर्वक प्रस्थान कर गए हैं। इस शिविर में महाविद्यालय के कुल 21 कैडेट्स भाग ले रहे हैं, जिनमें 10 सीनियर विंग तथा 11 सीनियर डिवीजन कैडेट्स शामिल हैं।




यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उन्हें सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के विभिन्न अवसर प्राप्त होंगे। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग अभ्यास, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बोट पुलिंग जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त खेल-कूद प्रतियोगिताएं, समूह गतिविधियां तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे कैडेट्स में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके।

शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स को अनुशासन, समय प्रबंधन तथा सामूहिक कार्य का महत्व समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही, उन्हें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं देश सेवा की भावना को और सुदृढ़ करने की प्रेरणा भी प्राप्त होगी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. विभा ठाकुर ने कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह शिविर कैडेट्स को आत्मनिर्भर, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी कैडेट्स को पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करने की कामना की।